E-mail registrar@csjmu.ac.in
registrarcsjmuknp@gmail.com

: 0512-2246609
: 0512-2246602

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर
CHHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR

राष्ट्रीय मूल्यांकन प्रत्यायन परिषद् द्वारा A++ ग्रेड प्राप्त विश्वविद्यालय
(पूर्ववर्ती कानपुर विश्वविद्यालय, कानपुर)
(Formerly Known as Kanpur University Kanpur-208024)

सन्दर्भ सं०: सी.एस.जे.एम.वि.वि./प्रवेश/017/2026 दिनांक :15 / 06 / 2026

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध एम0एड0 महाविद्यालय,
छात्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय,
कानपुर।

विषय : सत्र 2026–27 के एम0एड0 पाठ्यक्रम में प्रवेश के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

कृपया विभागाध्यक्ष, शिक्षा विभाग सी0एस0जे0एम0 विश्वविद्यालय की सूचनानुसार विश्वविद्यालय में शिक्षा विभाग द्वारा संचालित एम0एड0 पाठ्यक्रम में सत्र 2026–27 के प्रवेश हेतु सम्पन्न करायी गयी परीक्षा दिनांक 29.05.2026 के अनुसार परिसर स्थित शिक्षा विभाग की सभी सीटें भरी जा चुकी हैं। शिक्षा विभाग द्वारा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध ऐसे महाविद्यालय जहां एम0एड0 पाठ्यक्रम संचालित होता है को अपने स्तर से नियमानुसार प्रवेश प्रकिया पूर्ण करने के सम्बन्ध में पत्र निर्गत किये जाने का अनुरोध किया गया है।

उक्त के सम्बन्ध में समस्त प्राचार्य/प्राचार्या जिन महाविद्यालयों में एम0एड0 पाठ्यक्रम संचालित होते हैं को अवगत कराना है कि महाविद्यालयों में सत्र 2026–27 के एम0एड0 पाठ्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् (NCTE) के मानकानुसार प्रवेश लिया जाना सुनिश्चित करेंगे। इस हेतु महाविद्यालयों से प्राप्त सूचना उपरान्त विश्वविद्यालय द्वारा पर्यवेक्षक नियुक्त किये जायेगें जो छात्र/छात्राओं के शैक्षणिक अभिलेखों एवं अर्हता तथा प्राप्त आवेदनों के आधार पर महाविद्यालय द्वारा तैयार की गयी सूची का भौतिक सत्यापन करेगें।

अतः पर्यवेक्षक के सत्यापन के उपरान्त ही महाविद्यालय द्वारा प्रश्नगत पाठ्यक्रम में सीट की उपलब्धता पर नियमानुसार किसी भी छात्र/छात्रा का दिनांक **30 जुलाई 2026** तक प्रवेश लेना सुनिश्चित करें।

भवदीय,
15/06/2026
(राकेश कुमार मिश्र)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ
2. वैयक्तिक सहायक, परीक्षा नियंत्रक।
3. प्रशासनिक अधिकारी प्रवेश को इस आशय से प्रेषित कि सम्बन्धित सूचना महाविद्यालयों के कॉलेज लॉगिन पर अपलोड कराने हेतु सम्बन्धित को आदेशार्थ।
4. सम्बन्धित पत्रावली।

कुलसचिव